Aam Aadmi Party
A-119, Kaushambi, Ghaziabad, U.P - 201010
Phone: +91 9718500606, Email: info@aamaadmiparty.org
www.aamaadmiparty.org | Facebook: AamAadmiParty | Twitter: @AamAadmiParty

दिनांक : 02/07/2014

श्री राजनाथ सिंह जी

अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी

नई दिल्ली

आदरणीय श्री राजनाथ सिंह जी,

दिल्ली की जनता को पिछले पांच महीने से चुनी हुई सरकार नहीं चला रही है। जनता बिज़ली, पानी, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से त्रस्त है। आम आदमी पार्टी का मानना है कि जल्द से जल्द चुनाव करवा कर सरकार बनाई जाए। दिल्ली की जनता को एक चुनी हुई सरकार से वंचित रखना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। भारतीय जनता पार्टी मीडिया के द्वारा बार–बार प्रचारित करती है कि वह दिल्ली में चुनाव चाहती है। किंतु सच्चाई इसके विपरीत जान पड़ती है।

अत्यंत खेद के साथ आपको बताना चाहता हूँ कि आपके कुछ लोगों ने हमारे विधायकों की खरीद–फरोख्त की कोशिश की जो कि लोकतंत्र के लिए बेहद घातक है।

मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि यदि भाजपा दिल्ली में वास्तव में चुनाव करवाना चाहती है तो उपराज्यपाल से लिखित में अनुरोध करे ताकि वह दिल्ली में जल्द से जल्द चुनाव करवा सकें। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में 4 जुलाई को होने वाली सुनवाई में स्पष्ट कहे कि भाजपा चुनाव चाहती है। आपसे अपेक्षा है कि इस संवेदनशील विषय पर अविंलम्ब निर्णय लेने का श्रम करें।

भवदीय

अरविंद केजरीवाल